Title: Need to lay broadgauge railway line between Bandakui and Agra.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : महोदय, बांदीकुई-आगरा के मध्य ब्रॉडगेज लाइन नहीं होने के कारण रोजाना लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही मद्रास, कलकत्ता जाने वाले यात्रियों को सवाई माधोपुर घूमकर जाना पड़ता है जिसके कारण धन ज्यादा खर्च होने के अतिरिक्त समय भी ज्यादा लगता है। जनता की परेशानी, समय और आर्थिक नुकसान न हो, इसलिए इस मार्ग पर ब्रॉडगेज लाइन शीघ्र डाली जाकर जयपुर दर्शनीय स्थान को देखने के लिए सुविधा की जाए।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस कार्य को प्राथमिकता दें।